झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

**8 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 8 मई का इतिहास

- 1847 : रबर टायर को रॉबर्ट डब्ल्यू, थॉम्पसन ने पेटेंट करवाया।
- 1933 : महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 21 दिन का फास्ट रखा।
- 1980 : विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की
- 1954 : केंद्र सरकार ने चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया गया।
- 1963 : भारतीय रेडक्रास सोसायटी का शताब्दी समारोह मनाया गया
- 1915 : भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चंद का निधन हुआ।

## 8 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक ने बिजनेस कॉरिस्पोंडेंट ओर बिजनेस फैसिलिटेटर्स को बैंक से जोड़ने के लिए अपना डिजिटल वितरण प्लेटफॉर्म, एचडीएफसी बैंक स्मार्ट साथी पेश किया हैं। प्लेटफॉर्म का उद्देश्य बैंकिंग उत्पादों ओर सेवाओं को अंतिम मील तक ले जाना है, और देश के विकास में योगदान देना है।
- उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने शक्ति विस्तार पर जनमत संग्रह में जीत हासिल की। यह शवकत मिर्जियोयेव को 2040 तक राष्ट्रपति बने रहने की अनुमति देगा। तानाशाह इस्लाम करीमोव की मौत के बाद 2016 में शवकत मिर्जियोयेव राष्ट्रपति बने थे। उज्बेकिस्तान के मतदाताओं ने राष्ट्रपति पद के कार्यकाल को पांच से बढ़ाकर सात साल करने की मंजूरी दे दी है और मिर्जियोयेव को दो और कार्यकाल की अनुमति दी है।
- श्रीलंका में संचालन को संयोजित करने के लिए एक्सियाटा और एयरटेल द्वारा एक बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए गए। भारती एयरटेल लंका एयरटेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी हैं। प्रस्तावित लेन-देन के तहत, एयरटेल को डायलॉग में हिस्सेदारी दी जाएगी, जो एयरटेल लंका के उचित मूल्य का प्रतिनिधित्व करेगी। लेन-देन पूरा होने पर एयरटेल को तद्नुसार डायलॉग में नए शेयर जारी किए जाएंगे।
- वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2023 जारी की गई। 180 देशों की इस इंडेक्स में भारत ने 161 वीं रैंक हासिल की है। नॉर्वे लगातार सातवें साल शीर्ष स्थान पर रहा जबकि आयरलैंड दूसरे और डेनमार्क ने तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया।
- वित मंत्रालय ने व्यय विभाग ने विवाद से विश्वास-1 एमएसएमई को राहत योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को कोविड अवधि के लिए राहत प्रदान करना है। इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2023-2024 में वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी। यह योजना 17 अप्रेल 2023 से शुरू की गई और दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 जून 2023 है।
- प्रसिद्ध इतिहासकार रणजीत गुहा का निधन हो गया।
- लद्दाख के इतिहास में पहली बार भारत स्थित ऑस्ट्रेलिया के उच्चायोग ने कारगिल में एक परियोजना के लिए सरकारी मदद की घोषणा की है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफैरल की अध्यक्षता में श्रीनगर में हुई एक विशेष बैठक में यह घोषणा की गई। जड़ों की और लौटों नाम की इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान को स्कूली शिक्षा के विज्ञान के पाठ्यक्रम से जोड़ना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में यह एक कदम हैं। इसके अंतर्गत जनजातीय पृष्ठभूमि के स्कूली बच्चों के बीच विज्ञान संबंधी गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा।
- केंद्र सरकार समलैंगिक जोड़ो व LGBTQIA+ समुदाय के लिये एक पैनल का गठन करेगी। कैबिनेट सचिव इस समिति की अध्यक्षता करेंगे। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने पर चर्चा चल रही हैं। पैनल का मकसद समुदाय के सदस्यों द्वारा अपने दैनिक जीवन में सामना की जाने वाली वास्तविक मानवीय चिंताओं को दूर करना है। सरकार के मुताबिक समिति का गठन इस तथ्य पर विचार करते हुए किया जाएगा कि समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे मंत्रालयों में फैले होंगे।
- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राइट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ओर प्रयुक्त जल प्रबंधन के लिए राइट्स की तकनीकी सहायता के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए नए वित पोषित घटक के रूप में प्रयुक्त जल प्रबंधन की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी अनुपचारित उपयोग किए गए पानी को जल निकायों में नही छोड़ा जाए जिससे शहरी भारत में उपयोग किए गए जल प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार हो सके।
- ऐप्पल ओर गूगल, सैमसंग और टाइल, चिपोलो और पेबलबी जैसी अन्य कंपनियों के साथ मिलकर ब्लूटूथ उपकरणों के माध्यम से अवांछित ट्रैकिंग का मुकाबला करने के लिए सहयोग किया है, जिन्हें शुरू में कुंजी या सामान जैसी कोई हुई वस्तुओं का पता लगाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व थैलेसीमिया दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 मई (B) 6 मई
(C) 7 मई (D) 8 मई

**(D)** थैलेसीमिया एक रक्त विकार होने के बारे में जागरूकता फैलाने, बीमारी से संबंधित मिथकों ओर रोगियों को सामान्य जीवन जीने में मदद करने के लिए 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन उन व्यक्तियों के जीवन से जुड़े सामाजिक कलंक से भी संबंधित है जो इस बीमारी से पीड़ित हैं ओर इसके साथ जी रहे हैं।




**2. हाल ही में स्मार्ट सिटीज मिशन की समय सीमा को कितने वर्ष तक बढ़ाने का फैसला किया गया है ?**

(A) एक वर्ष (B) दो वर्ष
(C) तीन वर्ष (D) चार वर्ष

**(B)** हाल ही में स्मार्ट सिटीज मिशन की समय सीमा को एक वर्ष तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। मिशन की मौजूदा समय सीमा जून 2023 थी। अब यह समय सीमा जून 2024 तक बढ़ा दी गई है। मिशन की अवधि बढ़ाने का निर्णय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा सभी 100 शहरों की व्यापक समीक्षा के बाद लिया गया है।




**3. हाल ही में बिहार के बाद ओडिशा में पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण शुरू हुआ है, यह कब तक चलेगा ?**

(A) 10 मई (B) 16 मई
(C) 20 मई (D) 27 मई

**(D)** हाल ही में बिहार के बाद ओडिशा में पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण 27 मई 2023 तक चलेगा। यह ओडिशा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो मोड में आयोजित किया जा रहा है। यह राज्य के सभी 314 ब्लॉकों और 114 शहरी स्थानीय निकायों में किया जाएगा। ओडिशा राज्य आयोग सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में केंद्र खोलेगा।



**4. हाल ही में आईसीसी पुरूष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 टेस्ट टीम कौनसी बनी है?**

(A) इंग्लैंड (B) जापान
(C) भारत (D) ऑस्ट्रेलिया

**(C)** भारत आईसीसी पुरूष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 टेस्ट टीम बन गई है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर एक टेस्ट टीम बन गई। पुरूषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का शासन 15 महीनों के बाद समाप्त हो गया, भारत ने अगले महीने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को पीछे छोड़ दिया।



**5. अप्रैल 2023 के लिए जीएसटी राजस्व संग्रह अब तक का सबसे अधिक कितने लाख करोड़ रूपये है ?**

(A) 1.87% (B) 2.17%
(C) 2.90% (D) 3.87%

**(B)** अप्रैल 2023 के महीने में सकल जीएसटी राजस्व 1,87,035 करोड़ रूपये संग्रहित किया गया। इसमें सीजीएसटी 38,440 करोड़ रूपये, एसजीएसटी 47,412 करोड़ रूपये, आईजीएसटी 89,158 करोड़ रूपये और उपकर 12025 करोड़ रूपये शामिल हैं। पहली बार सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रूपये के आंकड़े को पार कर गया है।



**6. हाल ही में भारत की पहली राफेल पायलट शिवांगी सिंह किस देश में अभ्यास का हिस्सा रहेगी ?**

(A) फ्रांस (B) भारत

(C) रूस (D) श्रीलंका

**(A)** राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला पायलट होने के नाते शिवांगी सिंह भारतीय वायु सेना में एक ट्रेलब्लेजर हैं। उनकी उपलब्धियां यही खत्म नही होती हैं, क्योंकि वह फ्रांस में बहुराष्ट्रीय अभ्यास ओरियन में भाग लेने के लिए तैयार आईएएफ टीम का भी हिस्सा हैं।




**7. पहला आसियान भारत संयुक्त समुद्री अभ्यास AIME-2023 का आयोजन कहां किया जा रहा है ?**

(A) मलेशिया (B) वियतनाम

(C) इंडोनेशिया (D) सिंगापुर

**(D)** भारतीय नौसेना के जहाजों सतपुड़ा और दिल्ली ने सिंगापुर में 2 मई से 8 मई तक पहले आसियान भारत समुद्री अभ्यास में भाग ले रहे हैं। अभ्यास का बंदरगाह चरण 2 मई से 4 मई तक चांगी नौसेना बेस में आयोजित किया जा रहा है। सागर चरण 7 से 8 मई तक दक्षिण चीन सागर में आयोजित किया जाएगा।



**8. भारतीय इतिहास के संदर्भ में वराह मुहर का किससे संबंधित है ?**

(A) सिंधु घाटी सभ्यता (B) चालुक्य वंश

(C) पल्लव वंश (D) चोल वंश

**(B)** हाल ही में पुणे स्थित भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने शिलाभट्टारिका को बादामी के प्रसिद्ध चालुक्य सम्राट पुलकेशिन द्वितीय की बेटी के रूप में स्थापित करके उस पर नया प्रकाश डालने का दावा किया है। इस शोध के लिये बादामी चालुक्य शासक विजयादित्य के शासनकाल की 5 तांबे की प्लेटों वाला एक ताम्रपत्र चार्टर भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट पुणे लाया गया था।



**9. विश्व विकास रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है ?**

(A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(B) विश्व व्यापार संगठन

(C) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन

(D) विश्व बैंक

**(D)** हाल ही में विश्व बैंक द्वारा विश्व विकास रिपोर्ट 2023 जारी की गई। विश्व विकास रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली वार्षिक रिपोर्ट है। यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रवास और सभी देशों में विकास एवं साझा समृद्धि के लिये एक शक्ति के रूप में कार्य करने की इसकी क्षमता का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।




**10. प्रिपेयर्डनेस एंड रेजिलिएंस फॉर इमर्जिंग थ्रेट्स पहल किसके द्वारा शुरू की गई है?**

(A) संयुक्त राष्ट्र आपदा आकलन और समन्वय

(B) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(C) आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये संयुक्त राष्ट्र कार्यालय

(D) इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस ओर रेड क्रिसेंट सोसाइटीज

**(B)** हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 महामारी जैसे भविष्य के प्रकोपों की बेहतर ढंग से तैयारी के लिये एक नई पहल शुरू की है। इस पहल का पूरा नाम प्रिपेयर्डनेस एंड रेजिलिएंस फॉर इमर्जिंग थ्रेट्स है। इसकी घोषणा जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित फ्यूचर रेस्पिरेटरी पैथोजेन महामारी के लिये वैश्विक बैठक में की गई थी।

